संपदा विभाग
चेन्नै

दिनांक: नवंबर 06, 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै के मुख्य कार्यालय परिसर में 03 एयर हैंडलिंग यूनिट्स (एएचयू) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी)

ई-निविदा संख्या: 2026_RBI_295961

बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त

शीर्षांकित कार्य के लिए इच्छुक बोलीदाताओं और बैंक के अधिकारियों की बोली-पूर्व बैठक 05 नवंबर 2026 को निर्धारित समय के अनुसार 11:00 बजे आयोजित की गई। बोली-पूर्व बैठक में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीदाताओं की सूची अनुबंध -क में दी गई है।

बोली-पूर्व बैठक के दौरान इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा निम्नलिखित प्रश्न पूछे गए थे। पूछे गए प्रश्नों के संबंध में बैंक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण नीचे दिए गए हैं:

क्रम संख्या	बोलीदाताओं द्वारा पूछे गए प्रश्न	बैंक का स्पष्टीकरण
1	एएचयू की ठंडी पानी की लाइनों में उपयोग किए जाने वाले थर्मामीटर का प्रकार क्या होगा?	4" व्यास वाले डायल प्रकार के एसएस थर्मामीटर का उपयोग इनलेट और आउटलेट दोनों लाइनों के लिए किया जाएगा
2	खंड V के तहत खंड 3 में बिंदु संख्या iii और iv पर दी गई भुगतान शर्तों को स्पष्ट करें।	निविदा के खंड V के तहत खंड 3 में बिंदु संख्या (iii) और (iv) पर भुगतान की शर्तों को निम्नानुसार पढ़ा जाए। iii). सभी एएचयू की स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और बैंक को सौंपने और इस निविदा के खंड V के तहत खंड 2.ii के अनुसार कार्यनिष्पादन बैंक गारंटी प्रस्तुत करने और उसके सफल सत्यापन के बाद उद्धृत दर का 5%।

		iv). एएचयू की स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और बैंक को सौंपने के बाद दोष देयता अवधि की समाप्ति के बाद या इस निविदा के खंड V के तहत खंड 2.(i) के अनुसार कार्यनिष्पादन बैंक गारंटी प्रस्तुत करने और उसके सफल सत्यापन के बाद उद्धृत दर का 5%।

टिप्पणी: बोली-पूर्व बैठक का यह कार्यवृत्त सभी इच्छुक बोलीदाताओं की जानकारी के लिए है और यह निविदा दस्तावेज का भाग होगा। बैठक के कार्यवृत्त पर सभी बोलीदाताओं द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए और उनकी बोलियों के साथ अपलोड किया जाना चाहिए।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
चेन्नै

<u>अनुबंध-क</u>

05 नवंबर 2026 को 11:00 बजे आयोजित बोली-पूर्व बैठक में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीदाताओं की सूची।

क्रम संख्या	इच्छुक बोलीदाता का नाम (मैसर्स)	प्रतिनिधि का नाम
1.	युडेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड	श्री के कमल
2.	वोल्टास लिमिटेड	श्री टी बालाजी
3.	ब्लूस्टार लिमिटेड	श्री साईकिरण एस
4.	ऑस्टन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड	श्री जी गोकुलराजन
5.	एयरटेक इंडिया	श्री वी ए रमेश